धांधली | उपज बेचने आए किसानों से 1 किलो 300 ग्राम ली जा रही ज्यादा धान

# सनौसी धान खरीदी केंद्र-2 में प्रभारी की मनमानी



**ब्योहारी, नवभारत।** इन दिनों मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. लि. के तहत उपार्जन केन्द्रो में धान की खरीदी का काम जोरों पर चल रहा है। इसी क्रम मे आनुसूचित जनजाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लैम्पस देवगांव खड्डा द्वारा सनौसी धान खरीदी केंद्र क्रमांक 2 में प्रभारी की मनमानी देखी गयी है।

बताया जा रहा है कि किसानों से निर्धारित मात्रा से अधिक धान ले कर सरेआम धांधली की जा रही है। इस खेल में सहायक खाद्य अपूर्ति अधिकारी की भी भूमिका संदिग्ध बतायी जा रही है।

## 38 की जगह 39 किलो 300 ग्राम ली जा रही धान

बताया जाता है कि इस बार जो वारदाना धान भरने के लिये खरीदी केन्द्रों में उपलब्ध कराया गया है उसमे 40 किलो धान नहीं आने की वजह से कुछ जगह 38 किलो धान प्रति बोरी भरने की मंजूरी ली गयी है किन्तु सनौसी धान खरीदी केंद्र 2 में किसानो से 38 की जगह 39 किलो 300 ग्राम धान लेकर 1 किलो 300 ग्राम अधिक धान लिया जा कर किसानो से लूट की जा रही है।

## मूलभूत सुविधाओं का केंद्र में आभाव

सनौसी धान खरीदी केंद्र 2 मे खुले आसमान के नीचे धान की खरीदी की जा रही है। खरीदी केंद्र में किसानों को पानी पीने के लिये कोई व्यवस्था नहीं की गयी है और न ही ठंड से बचने की कोई व्यवस्था है। धान को तौलवाने के लिये किसानों को ठंड में रात भर इंतजार करना पड़ता है। खरीदी केन्द्र में धान को तौलने के लिये मजदूरों की व्यवस्था नहीं की गयी है किसान स्वयं अपने हाथ से धान तौल रहे हैं।

**इनका कहना है**

बोरी छोटी होने में 40 किलो धान नहीं आ रहा है।38 किलो भरना है, किसानो को वजन के हिसाब से पैसा दिया जायेगा।

**ध्रुव नारायण शुक्ला**
**लैम्पस प्रबंधक देवगांव**



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्योहारी में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

▸ डॉक्टरों की लापरवाही से परेशान हो रहे मरीज

**ब्योहारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्योहारी में व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई हुई हैं। यहां मरीजों को न समय पर डॉक्टर मिलते हैं और न ही एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध होती है, जिसके कारण कई मरीज असमय जान गंवा रहे हैं। जिन डॉक्टरों को मरीजों की जिंदगी बचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वही अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैंकृन समय पर अस्पताल पहुंचते हैं और न ही ड्यूटी के दौरान मरीज देखते हैं।

मरीजों का आरोप है कि कई डॉक्टर अस्पताल के बजाय अपने निजी क्लीनिक या मेडिकल स्टोर्स में बैठकर कमाई में जुटे रहते हैं ।5 दिसंबर की घटना ने अस्पताल की लापरवाही की पोल खोल दी।

## घंटों उपलब्ध नहीं हो पा रही एम्बुलेंस

बताया गया है कि एक सड़क हादसे में घायल महिला और उसके पति को इलाज के लिए शाम 5 बजे सिविल अस्पताल ब्योहारी लाया गया, लेकिन उस समय अस्पताल में एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। चार घंटे बाद उपचार शुरू किया गया। देर से इलाज मिलने पर महिला की हालत बिगड़ गई और उसे शहडोल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार एम्बुलेंस घंटों उपलब्ध नहीं हुई। मौजूद स्टाफ ने निजी वाहन से ले जाने के लिए 3500 रुपए की मांग की और ऑक्सीजन के लिए 1500 रुपए जमा कराए गए। देर से मिले उपचार और एम्बुलेंस की कमी के कारण महिला की मौत टिहकी के पास ही हो गई।

## हरिजन और आदिवासी मरीजों को हाथ नहीं लगाते डाक्टर

बसपा विधानसभा प्रभारी मनिलाल बंसल ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल में मरीजों के साथ भेदभाव किया जाता है। हरिजन और आदिवासी मरीजों को डॉक्टर हाथ तक नहीं लगाते, बल्कि सफाई कर्मचारियों और स्वीपरों से इंजेक्शन और बॉटल लगवाते हैं। स्थानीय लोगों ने सिविल अस्पताल ब्योहारी में फैली अव्यवस्था, एम्बुलेंस सेवा की दयनीय स्थिति और डॉक्टरों की मनमानी पर लगाम लगाने की मांग की है। नागरिकों ने कलेक्टर शहडोल और संभागीय अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर व्यवस्था सुधारने की अपील की है।

# आत्महत्या को दुष्प्रेरित करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



▸ ससुर और जेठ की प्रताड़ना से बहू ने कुएं में कूदकर की थी आत्महत्या

**शहडोल ।** थाना गोहपारू क्षेत्र अंतर्गत 19 नवंबर को सूचना मिलने पर मृतका बेबी साहू पति चेतन साहू उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम करुआ का शव कुएं में मिलने पर गोहपारू पुलिस द्वारा मर्ग जांच प्रारंभ की गई। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस, एफएसएल टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मृतका के परिजनों से कथन लिए गए, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि मृतिका को उसके ससुर फूलचंद साहू एवं जेठ गणेश साहू द्वारा लगातार उसके चरित्र पर शंका कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था एवं दोनों आरोपियों ने मृतिका का मोबाइल फोन छीन लिया था, जिससे मृतिका प्रताड़ना तथा अपमान के कारण घर से निकल गई थी। मृतिका के पति चेतन साहू द्वारा थाना गोहपारू में गुम इंसान दर्ज कराया गया था। जिसके पश्चात् 19 नवंबर को मृतिका का शव ग्राम देवदहा स्थित कुएं में मिला। मर्ग जांच व लिये गये कथनों के आधार पर पाया गया कि आरोपी गणेश साहू 46 वर्ष, एवं फूलचंद उर्फ दद्दा साहू 52, वर्ष निवासी ग्राम करुआ द्वारा मृतका को चरित्र पर संदेह कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिससे लोक-लज्जा के भय से मृतका ने आत्महत्या की। जिसपर जयसिंहनगर पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा गोहपारू पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी निरी. राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में सउनि. विद्यासागर, सउनि. भागचंद, आरक्षक दशरथ सिंह, प्रधान आरक्षक दलवीर सिंह एवं आर. गुरुदयाल की सराहनीय भूमिका रही है।

# ठण्ड से बचाने निराश्रितों को भिजवाया जा रहा रैन बसेरा एवं आश्रय गृहों में

▸ कलेक्टर के निर्देश के बाद नपा ने की अलाव एवं गर्म कपड़े वितरण की व्यवस्था

**शहडोल ।** मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ठंड से बचाव हेतु निराश्रित लोग जो कड़कड़ाती ठंड में प्लेटफार्म, बस स्टैण्ड तथा फुटपाथों में रात्रि विश्राम करते हैं को ठंड से बचाव के लिए आश्रय गृहों एवं रैन बसेरा में शरण देने तथा ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़ों एवं अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन में शहडोल जिले के नगरीय निकायों में शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए निराश्रित लोगों को नगर पालिका के मैदानी कर्मचारियों द्वारा सुरक्षित स्थान भिजवाया जा रहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला ने बताया है कि नगर पालिका शहडोल के मैदानी कर्मचारियों द्वारा शहडोल नगर के रेलवे स्टेशन, फुटपाथों, बस स्टैंड जैसे अन्य प्रमुख स्थान में भ्रमण कर निराश्रित लोगों को रैन बसेरा भिजवा कर उन्हें गर्म कपड़े, कंबल, अलाव जैसे अन्य समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा है कि ठंड से बचाव हेतु निराश्रित लोगों की सूचना नगर पालिका के टीम को अवश्य दें जिससे सुरक्षित स्थान उन्हें भिजवाया जा सके।

# छुआछूत व भेदभाव मिटाना हर नागरिक की जिम्मेदारी

▸ पं शंभूनाथ शुक्ला विवि में अंबेडकर की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी आयोजित



**शहडोल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शहडोल इकाई ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि, जिसे सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जाता है, पर पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यादायिनी माता सरस्वती, युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद और बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विश्व विद्यालय परिसर प्रभारी डॉ गीता सराफ ने कहा कि युवा पीढ़ी को बाबा साहेब के विचारों को जीवन व्यवहार में उतारते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होना चाहिए। उन्होंने सामाजिक जागरूकता को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। डॉ चेतना सिंह ने संविधान की मूल भावना के पालन पर जोर देते हुए कहा कि छुआछूत और भेदभाव जैसी कुरीतियों को मिटाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता तभी संभव है जब हम समानता और न्याय के मूल्यों को व्यवहार में लाएँ। मुख्य वक्ता डॉ जितेंद्र सेन ने बाबा साहेब के प्रसिद्ध मंत्र 'शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो' का उल्लेख करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर प्रयास ही युवा शक्ति की पहचान है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और समरस समाज निर्माण में छात्रों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में नगर मंत्री अमन त्रिपाठी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह, विभाग छात्रा प्रमुख अंजली पांडेय, नगर उपाध्यक्ष डॉ सिद्धार्थ मिश्रा, प्रिया सिंह, राकेश मिश्रा, भूमिका द्विवेदी, आकाश मिश्रा, शिवा गौतम सहित परिषद के अनेक कार्यकर्ता, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाबा साहब द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों पर की गई चर्चा

▸ कांग्रेस ने मनाई डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि




**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व एवं जयसिंहनगर विधानसभा के प्रभारी पुष्पराज सिंह की विशेष उपस्थिति मे जिला काँग्रेस द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथी मनाई गई एवं एसआईआर के संबंध मे बैठक आयोजित की गई।

सर्वप्रथम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ कांग्रेसियों के द्वारा बाबा साहब के द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि,जब हम बराबरी, शिक्षा और न्याय की बात करते हैं, तो उसके पीछे डॉ. अंबेडकर की दूरदर्शिता और महान सोच छिपी नजर आती है। बाबा साहब केवल एक महान नेता के रूप मे नहीं बल्कि भारतीय समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के प्रतीक के रूप मे भी याद किए जाते हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर सिर्फ संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने हमें सोचने का नया नजरिया दिया। डॉ. अंबेडकर ने भारतीय समाज में फैली छुआछूत, जातिवाद और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए कई आंदोलन चलाए और भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उनका सपना था ऐसा भारत जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार मिले,चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या वर्ग का हो।

## एसआईआर अभियान पर की गई चर्चा

बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी एवं जयसिंहनगर विधान सभा प्रभारी पुष्पराज सिंह ने एसआईआर के संबंध में सभी से विचार-विमर्श कर उनकी राय ली एवं पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच एसआईआर अभियान पर चर्चा की उन्होंन ने कहा कि चुनाव आयोग के एसआईआर में हमारे बीएलए 2 की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। फार्म 6 और 7 का उपयोग वोटर बढ़ाने और वोटर घटाने में सजगता से करनी होगी। वास्तविक वोटर कटने न पाए और फर्जी वोटर बढ़ाए न जाए इसकी निगरानी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा कथित तौर पर फर्जी मतदाता बढ़ाने के किसी भी प्रयास पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर प्रत्येक मतदाता के अधिकार की रक्षा करने के लिए कहा गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने जिलेभर में अभियान को तेज करने, बूथ समितियों को मजबूत करने और एसआईआर प्रक्रिया के हर चरण की निरंतर निगरानी करने पर सहमति जताई। जिलाध्यक्ष ने दोहराया कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की। मंच संचालन सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला द्वारा किया गया।

## ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से, जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, जयसिंहनगर विधानसभा प्रभारी पुष्पराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, महिला जिलाध्यक्ष संध्या सिंह, रमेश जायसवाल, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, पार्षद हीरालाल प्रजापति, पार्षद उर्मिला चैधरी, रामनरेश तिवारी, नईम अहमद, प्रीतम दास सोनी, वरुण पाल, मुन्नू तिवारी, पुष्पराज सिंह, प्रेमधारी सिंह मार्को, शोएब अंसारी, शबी खान, निशांत जोशी, सुजीत कोल, राम कुमार पनीका, अजय जायसवाल, ओंकार सिंह,चंद्रमा तिवारी, ओ पी शुक्ला, रजनी गुप्ता, कोमल चैधरी, अर्चना सिंह, धनेश्वरी सिंह, मोशिब खान, संपत लाल यादव, राज कुमार सिंह, रविंद्रमणि शुक्ला, दीपक चैधरी, सागर साकेत आदि काँग्रेसजन उपस्थित रहे।



# 5 बालिका खिलाड़ी राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम में चयनित

**शहडोल ।** शहडोल संभाग के लिए गर्व का विषय है कि यहाँ की पाँच बालिका खिलाड़ीकृअनुष्का कारागंले, कृपा गुप्ता, आराध्या द्विवेदी, पवनी तिवारी और अवनी गर्ग का चयन मध्यप्रदेश की राष्ट्रीय 14 वर्ष बालिका बास्केटबॉल टीम में किया गया है। सभी खिलाड़ी जिला भास्कर की नियमित प्रतिभागी हैं और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शहडोल संभाग ने प्रथम स्थान हासिल किया था, जिसके बाद खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। खिलाड़ियों के कोच श्री के. के. श्रीवास्तव, जो स्वयं राष्ट्रीय कोच हैं, के मार्गदर्शन में टीम निरंतर प्रगति कर रही है ।राष्ट्रीय प्रतियोगिता 19 से 23 दिसंबर तक शहडोल में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता से पहले 13 दिसंबर से राष्ट्रीय कैंप गांधी स्टेडियम, शहडोल में प्रारंभ होगा। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल उमेश धुर्वे, सहायक संचालक खेल सुदर्शन मिश्रा, रईस अहमद खान, राम रूद्र पटेल, के. के. श्रीवास्तव और वीरेंद्र श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन होगा। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 14 वर्ष बालिका टीम के कोच श्री के. के. श्रीवास्तव (शहडोल) तथा मैनेजर आयुषी वर्मा (भोपाल) को नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि से शहडोल संभाग में खुशी की लहर है और खिलाड़ियों से राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।




# झाड़-फूंक से ईलाज संभव नहीं है, डॉक्टरों से सलाह लें

▸ विज्ञान विषय पर शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शहडोल ।** झाड़-फूंक से किसी भी बीमारी का इलाज संभव नहीं हैं। बीमार पड़ने पर चिकित्सकों से परामर्श लेना चाहिए। अंध विश्वास और कुप्रथाओं से निपटने हेतु जिला मुख्यालय के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में विज्ञान विषय पर आधारित जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियो को विज्ञान के शिक्षकों ने अवगत कराया कि सभी विद्यार्थी विज्ञान को जानें, समझें तथा अंध विश्वासों पर विश्वास नहीं करें। विज्ञान के माध्यम से वर्तमान समय में देश नई-नई ऊचाईयों को छू रहा है।

हम विज्ञान पर भरोसा करे, किसी के बहकावे पर न आए, झाड़ फूंक से ईलाज संभव नहीं है, व्यक्तियो के बीमार होने पर तत्काल डॉक्टरो की सलाह लेना चाहिए, जिससे समय रहते बीमार व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकें। साथ ही जादू नहीं विज्ञान है से संबंधित प्रयोग भी बताएं गए। कार्यक्रम में चार ब्लॉकों से 9 टीमों ने सहभागिता निभाई ।इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची, सहायक संचालक संजय पांडे, एसीपी अरविंद पांडे,प्राचार्य साधना जैन, अरूणिमा सिंह, लाल सहित अन्य शिक्षक एवं छात्राए उपस्थित रहें।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ली युवक की जान



▸ ब्यौहारी के पसगड़ी तिराहे पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

**ब्यौहारी।** शनिवार दोपहर ब्यौहारी थाना क्षेत्र के पसगड़ी तिराहे पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक वाहन समेत घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा दोपहर लगभग 3 बजे हुआ।

मृतक युवक की पहचान सूरज यादव (23) पुत्र शिवू कुमार, निवासी उफरी के रूप में हुई है। वह बाइक से ब्यौहारी की दिशा में जा रहा था, तभी अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को जोरदार धक्का मार दिया। टक्कर इतनी तीव्र थी कि सूरज सड़क किनारे गिर पड़ा और वहीं उसकी जीवन लीला समाप्त हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग तुरंत सहायता के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक सूरज की सांसें थम चुकी थीं। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही ब्यौहारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक बिना रुके मौके से भाग निकला। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर और उसके ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए, जिससे क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने और तेज रफ्तार वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।



# एमएम जगदाले प्रतियोगिता 7 से

▸ सात संभागों की टीमें लेंगी भाग

**शहडोल।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश अनुसार में एवं संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन शहडोल के तत्वाधान में एम.एम. जगदाले अंडर 15 अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम एवं एमपीसी द्वारा निर्मित ग्राउंड कन्नाबहरा में सात संभागों के खिलाड़ियों द्वारा तीन दिवसीय टेस्ट मैच का आयोजन दिनांक 7 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित होगी इस प्रतियोगिता में संभाग के 15 वर्ष के आयु वाले सभी बालक शिरकत करेंगे एवं मध्यप्रदेश की टीम में अपने चयन के लिए या प्रतियोगिता खेलने उतरेंगे यह जानकारी शहडोल संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील खरे एवं सचिव अजय द्विवेदी ने दी है।